सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-156
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, मंगलवार 10 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM




**आज का विचार**

बलवान व्यक्ति की भी बुद्धिमानी इसी में है कि वह जानबूझ कर किसी को शत्रु न बनाए

## बेतिया में शिक्षकों से भरी नाव पलटी

### गंडक नदी पारकर स्कूल जा रहे थे सभी, तेज लहर आयी और फिर



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** बेतिया, बेतिया में शिक्षकों से भरी नाव पलट गई है. नाव पर लगभग 15 शिक्षक सवार थे. सभी गंडक नदी पार कर अपने स्कूल जा रहे थे. इसी क्रम में गंडक नदी में अचान नाव पलट गई. स्थानीय लोग और गोताखोंरों की मदद से सभी को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है.घटना जिले के पूजहा श्रीनगर घाट की है. जानकारी के अनुसार तेज बहाव के कारण से अचानक नाव पलट गई. नाव पलटते ही चीख पुकार मच गयी. लोगों ने देखा तो हल्ला किया. फिर स्थानीय लोग और गोताखोर ने मिलकर सभी शिक्षक को बचाया. हालांकि इस दौरान कई शिक्षक-शिक्षिका की तबीतय बिगड़ गयी है. नदी का पानी पीने के कारण स्थिति खराब हो गयी है.घटना में बाल-बाल बचे शिक्षक स्कूल जाने से इनकार कर दिया है. घटना के कई घंटे बाद भी स्थानीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे जिससे शिक्षकों में आक्रोश है. उनका कहना है कि दूसरे विद्यालय में तबादला कर दिया जाए. कहा कि रोज जान जोखिम में डालकर विद्यालय पढ़ाने जाना पड़ता है. शिक्षकों ने कहा कि आज बाल-बाल बच गए लेकिन आगे की कोई गारंटी नहीं है.शिक्षक मुन्ना कुमार ने जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. कहा कि सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार बाढ़ क्षेत्र में कोई काम नहीं किया जा रहा है. नाव से नदी पार कर हमें स्कूल जाना पड़ रहा है. आज बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया. ऐसे में कभी भी हम लोगों के साथ अनहोनी हो सकती है. स्थानीय गोताखोरों के द्वारा हम लोगों को बचा लिया गया है.जानकारी के अनुसार जिस नाव से शिक्षक नदी पार कर रहे थे वह काफी छोटी है. नाव में 15 शिक्षक सवार थे. अचानक लहर उठने से नाव पलट गयी. बता दें कि शिक्षकों के साथ यह पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी नाव पलटने की घटना घट चुकी है. इसमें एक शिक्षक की मौत भी हो चुकी है. इसके बावजूद प्रशासन की ओर से लापरवाही बरती जार रही है.

## बिहार की राजधानी से सटे अनंत सिंह से मिलने सीधे उनके घर पहुंच गए सीएम नीतीश कुमार



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, बिहार की सियासत में इन दिनों हर दिन कोई न कोई हैरान करने वाले तस्वीर देखने को मिल रही है, बिहार की राजधानी पटना से सटे बाढ़ में सोमवार को एक ऐसी ही अनोखी तस्वीर सालों बाद देखने को मिली, दरअसल सुशासन बाबू के नाम से मशहूर सीएम नीतीश कुमार एक लंबे समय के बाद कुछ ही दिनों पहले जेल से बाहर आए मोकामा के पूर्व विधायक छोटे सरकार अनंत सिंह से मिलने उनके घर लदमा पहुंच गए, इस दौरान नीतीश कुमार और अनंत सिंह के बीच सालों बाद पहले जैसी मुलाकात हुई, दोनों ने अलग-अलग मुद्दे पर एक-दूसरे से बातचीत की, ऐसे में अब सीएम नीतीश कुमार और बाहुबली विधायक अनंत सिंह की इस मुलाकात को लेकर सियासी चर्चाओं का बाजार तेज हो गया है।

दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को कई कार्यों का निरीक्षण करने बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर पहुंचे।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बख्तियारपुर-मोकामा 4 लेन करनौती के पास बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया, मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर करजान-ताजपुर सेतु का भी निरीक्षण किया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार बेलछी प्रखंड में आवासीय प्रखंड सह अंचल नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया. बता दें, प्रखंड भवन का निर्माण 20 करोड़ 45 लाख 77 हजार रुपए की लागत से हुआ है। वहीं इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काफिला अचानक लदमा पहुंच गया, जहां सीएम नीतीश कुमार और अनंत सिंह के बीच खास मुलाकात हुई।

## चिराग पासवान ने बेगूसराय से की जनसंपर्क अभियान की शुरुआत

### कहा-2025 में फिर बनेगी NDA की सरकार, 2029 में भी नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री



**चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ** बेगुसराई, लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज बेगूसराय के मटिहानी से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन एकजुट है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही और 2029 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सोमवार को बेगूसराय के अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय धबौली के मैदान में लोजपा पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आम सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कही। चिराग पासवान ने 2029 में भी केंद्र में सरकार बनाने का वादा किया। कहा कि सरकार बनाने का जो सपना विपक्ष देख रही है वो सपना ही बनकर रह जाएगा। चिराग ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास लगातार जनता के साथ जुड़ी रही है। पिछले 3 साल से लगातार हम लोगों को बीच रहे हैं। बेगूसराय से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के अलग-अलग विधानसभा में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के जरिये हम जनता के बीच रहेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। उन समस्याओं का समाधान भी निकालेंगे। जिसकी शुरुआत हमने आज बेगूसराय के मटिहानी से की है। मटिहानी विधानसभा वो इलाका है जहां विपरीत परिस्थितियों के बाद भी हम लोगों ने जीत हासिल की। इसलिए बेगूसराय के मटिहानी से जनसंपर्क की शुरुआत की है। आने वाले दिनों में बिहार के अलग-अलग विधानसभा में जाएंगे। चुनाव से पहले सभी 243 विधानसभा को हम कवर करेंगे। एनडीए में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है विपक्ष के इस बयान पर चिराग ने कहा कि विपक्ष के लोग हताश और परेशान है। विपक्ष के लोग जो सपना देख रहे हैं वो कभी पूरा नहीं होने वाला है। क्योंकि एनडीए गठबंधन एकजुट है और मजबूती से ना सिर्फ ये 5 साल, न सिर्फ अगले विधानसभा बल्कि 2029 में भी केंद्र में सरकार बनाएंगे और एक बार फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट व बिहारी फर्स्ट की सरकार बिहार में बनेगी तो बिहार छोड़कर बिहारियों को दूसरे राज्य में काम करने के लिए नहीं जाना नहीं पड़ेगा। हम चाहते हैं कि बिहार में ऐसी शिक्षा की व्यवस्था हो,खास करके बेगूसराय के मटिहानी क्षेत्र में जहां उद्योग खुले जिसका फायदा हमारे युवाओं को मिले। उन्हें काम धंधा करने के लिए दूसरे राज्य में जाने की जरूरत ना पड़े।

## नीतीश और ललन पैर पकड़ कर गिड़गिड़ाये थे तब साथ लिया था

### तेजस्वी का बड़ा दावा, अब समझौते का कोई चांस नहीं



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, तेजस्वी प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार को लेकर बड़ा दावा किया है. तेजस्वी ने कहा है कि नीतीश कुमार पैर पकड़ कर गिड़गिड़ाये थे, तब उनको साथ लिया था. अब आगे समझौते का कोई चांस नहीं है. दिल्ली से पटना लौटे तेजस्वी प्रसाद यादव ने मीडिया से बात करते हुए ये दावा किया. दरअसल मीडिया ने उनसे पूछा था कि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह कह रहे हैं कि तेजस्वी यादव को अपनी यात्रा में लड्डू मिलेगा. जवाब में तेजस्वी ने कहा कि वे कार्यकर्ता संवाद करने जा रहे हैं. उसका फल देने वाले जेडीयू के लोग तो नहीं है.

**अब नीतीश के साथ जाने का कोई चांस नहीं**

तेजस्वी ने कहा कि ऐसे लोगों के बारे में क्या कहें. जब उनका बुरा होता है तो वो लोग गिड़गिड़ा कर पैर पकड़ता है. हमको ले लीजिये,ले लीजिये, ले लीजिये. दो-तीन बार हमलोगों ने कल्याण कर दिया है. उनको बचा दिया है. अब कोई मतलब है उनलोगों को साथ लेने का. कोई सवाल ही पैदा नहीं होता. अब कोई मतलब ही नहीं है उनलोगों के आने-जाने का.

**नीतीश को कोई खबर नहीं**

तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार को राजकाज से कोई मतलब नहीं रह गया है. वे बार-बार इधर-उधर जाते हैं. लेकिन न जनता से मिलते हैं, ना ही जनप्रतिनिधियों से मिलते हैं. अधिकारियों से घिरे रहते हैं. उनको खबर नहीं रहती है. बड़ा दुखद है ये हाल. लगातार बिहार में लॉ एंड आर्डर बिगड़ता जा रहा है. अपराध बढ़ता जा रहा है. लोगों को घर में घुस कर गोली मारी जा रही है. **अनंत सिंह किसे साथ लेकर सीएम के पास गये थे**

तेजस्वी ने कहा कि पहले जो हमलोगों के साथ थे, उनको नीतीश कुमार और उनके समर्थक अपराधी कहते थे. जब वे बाहर आये तो मुख्यमंत्री से मिलने सीएम आवास पहुंचे थे. उनके साथ कितने लोग गये थे जो पुलिस के हत्यारे थे. वे सीएम हाउस में घुसे हुए थे. ये तो स्थिति बनी हुई है. बिहार में कोई ऐसा दिन नहीं जब ताबड़तोड़ अपराध नहीं हो रहा हो.

## गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे युवक की ग्रामीणों ने कराई शादी

### विदाई के बाद दुल्हन को छोड़ फरार हो गया दूल्हा



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** खगड़िया, खगड़िया में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। यहां गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे युवक की ग्रामीणों ने जबरन शादी करा दी। किसी तरह से युवक ने शादी तो कर ली लेकिन उसके मन में कुछ और ही चल रहा था। विदाई के बाद मौका देख दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। अब लड़की दूल्हे के चौखट पर उसका इंतजार कर रही है। इंस्टाग्राम के जरिए दोनों के बीच प्रेम हुआ था। दरअसल, परबत्ता प्रखंड के कज्जवलन निवासी बबलू मंडल की इंस्टाग्राम पर नारायणपुर की एक लड़की दोस्त हुई थी। दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे आगे बढ़ती गई और दोस्ती प्यार में कब बदल गई पता ही नहीं चला। दोनों लोगों की जनरों से छीप छिपाकर एक दूसरे से मिलने लगे। दो दिन पहले प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने नारायणपुर स्थित उसके गांव पहुंच गया, जहां लड़की के परिजन व गांव वाले ने दोनों प्रेमी युगल को पकड़ लिया। इसके बाद परिजनों और गांव वालों ने दोनों की शादी करा दी। शादी के बाद दुल्हन को लेकर प्रेमी अपने घर रवाना हुआ लेकिन रास्ते में ही प्रेमिका को छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक प्रेमी के नहीं आने से परेशान प्रेमिका ने परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने लड़की को प्रेमी के कज्जवलन गांव स्थित घर पहुंचा दिया। दुल्हन को देखकर प्रेमी के घर वालों परेशान हो गए। दुल्हन को लाल जोड़े में लड़की को देखकर ग्रामीणों में यह बात आग की तरह फैल गई। फिर पूरे दिन हाई वोल्टेज ड्रामा होते रहा। गांव में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा करने वाला पति लापता हो गया है। लाल जोड़े में प्रेमिका का उसके घर की चौखट पर अपनी प्यार को पाने के लिए डटी रही, दिनभर हाई वोल्टेज ड्रामा होते रहा।

## डायल 112 की टीम पर हमला, बाइक और पिस्टल भी छिना, जांच के लिए SIT गठित




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** गया, बिहार के गया से एक बड़ी खबर निकल कर समाने आ रही है। जहां डायल 112 टीम पर हमला का मामला सामने आया है। अपराधियों ने हमला करते हुए टीम से बाइक और पिस्टल छीन ली है। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक्शन लिया है। इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गया में डायल 112 टीम पर हमला कर बाइक और पिस्टल छीन ली गयी। इस दौरान पुलिसकर्मी को घायल भी कर दिया। भागने के दौरान अपराधियों ने फायरिंग भी की। इस घटना से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गयी। घटना गया जिले के मुफस्सिन थाना क्षेत्र की है। जहां बीती रात रविवार को मेहता पेट्रोल पंप के सामने स्थित आरओबी के पास यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि,अपराधियों के द्वारा कुछ लोगों के साथ मारपीट और छिनतई की जा रही थी। इस क्रम में सूचना मिलते ही डायल 112 की मोटरसाइकिल गश्ती टीम पहुंच गई। डायल 112 बाइक गश्ती के जवानों ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की लेकिन अपराधी इनपर भारी पड़ गए। डायल 112 बाइक गश्ती की टीम पर हमला कर दिया। मारपीट करते हुए एक पिस्टल और बाइक लूट ली। हालांकि पुलिस ने पिस्टल छिनतई की पुष्टि नहीं की है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गयी और तुरंत दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। लूटी गई बाइक बरामद कर लिया गया है। अपराधियों की संख्या 6 के आसपास बताई गई है। फिलहाल पुलिस की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घायल जवान का इलाज कराया जा रहा है। उधर, पुलिस की गठित एसआईटी की टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज के द्वारा एसएसपी आशीष भारती को दी गई। एसएसपी ने इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक गया, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों को तुरंत घटनास्थल को रवाना किया गया। अपराधियों के भागने की दिशा का पता कर उनका पीछा करना शुरू किया गया। बरामदगी कर ली गई। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन और पूछताछ के बाद अपराधियों की पहचान कर ली गई है।

## बेगूसराय में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

### दो दर्जन लड़के-लड़कियों को पुलिस ने पकड़ा, होटल में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** बेगूसराय, बेगूसराय के तिरुपति होटल में सेक्स रैकेट का धंधा चल रहा था। इस बात की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर इसका भंडाफोड़ किया। होटल के कई कमरों से दो दर्जन युवक और युवतियों को हिरासत में लिया गया। तिरुपति होटल में रेड के दौरान 13 युवती और 12 युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित तिरुपति होटल में की। जहां पुलिस की रेड की सूचना मिलते ही शहर के होटल व्यवसायियों के बीच हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि होटल तिरुपति में जिस्मफरोशी का धंधा चलने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान होटल के विभिन्न कमरों से 13 लड़की और 12 लड़कों को पकड़ा गया। हालांकि इन सबके पास से कुछ आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं होने की बात पुलिस कर रही है। फिलहाल सभी को लेकर पुलिस थाने गई है जहां 25 युवक और युवतियों से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि कई महीने से तिरुपति होटल में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा था। इस मामले में सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध अवस्था में कुछ युवक और युक्तियां उस होटल के कमरे में बंद है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और दो दर्जन लड़के और लड़कियों को हिरासत में लिया गया। मीडिया को देखते ही कई युवकों ने चेहरे पर हेलमेट लगा लिया तो कई ने पकड़े से अपना चेहरा ढक लिया। तिरुपति होटल में छापेमारी की चर्चा आज दिनभर इलाके में होती रही। वही इस रेड से होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।